(ख) क्या नैनीताल तथा कुमाऊं के अन्य पर्यटन स्थलों पर जाने वाले पर्यटकों की बढ़ती हुई संख्या को ध्यान में रखते हुए यह दैनिक सेवा होगी ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) : (क) पंतनगर को दिल्ली के साथ विमान सेवा से जोड़ने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) विमान बेड़े की अत्यधिक तंगी के कारण, इंडियन एयरलाइन्स किन्हीं नये स्थानों को विमान सेवा से जोड़ने के बारे में विचार करने की स्थिति में नहीं है ।

बीमा कम्पनियों के कार्यालयों में कम्प्यूटर लगाया जाना

8503. **श्री कैलाश प्रकाश** : क्या वित्त मंत्री निम्नलिखित जानकारी देने वाला एक विवरण सभा-पटल पर रखने की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या बीमा कम्पनियों के कार्यालयों में कम्प्यूटर लगाने की कोई योजना है और यदि हां, तो उन स्थानों के नाम क्या हैं जहां कम्प्यूटर लगाये जायेंगे ;

(ख) इस योजना को क्रियान्वित करने से कितने व्यक्तियों (कर्मचारियों और अधिकारियों) की छंटनी करनी होगी ; और

(ग) वर्तमान सरकार की अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की नीति इस योजना से कहां तक मेल खाती है ?

वित्त मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : (क) से (ग) सरकार ने बीमा उद्योग की संगणकों की आवश्यकताओं की जांच पड़ताल करने के लिए एक विशेषज्ञ दल नियुक्त किया है । जब इस दल की रिपोर्ट प्राप्त हो जाएगी तो इस मामले के सभी पहलुओं पर विचार किया जाएगा ।

किदवई नगर, विठलभाई पटेल हाउस और आर०के० पुरम में सुपर बाजार की शाखाओं का कार्यकरण

8504. **श्री दयाराम शाक्य** : क्या वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या दिल्ली में किदवई नगर, विटठलभाई पटेल हाउस और आर० के० पुरम की सुपर बाजार शाखाओं के कर्मचारी बिक्री हेतु सप्लाई किये जाने वाले कपड़े को काउन्टरों पर नहीं रखते हैं, उसे छिपा लेते हैं और इस कपड़े को राशन कार्डों अथवा दुकानदारों के राशन कार्डों पर अपने आदमियों को चोरी-छिपे बेचते हैं जिसके परिणामस्वरूप गरीब लोगों को उचित लाभ नहीं मिल रहा है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार सुपर बाजार की शाखाओं पर गुप्त रूप से इस मामले की जांच करने का है ; और

(ग) क्या यह सच है कि सरकार ने यमुना-पार के क्षेत्र और तिलक नगर की ओर के क्षेत्र में शाखाएं खोलने के लिये अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है और इसके क्या कारण हैं और भविष्य में सरकार इन क्षेत्रों में सुपर बाजार की शाखाएं कब खोलेगी ?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण कुमार गोयल) : (क) सुपर बाजार के प्रबन्धकों और दिल्ली प्रशासन के ध्यान में नियंत्रित कपड़े की बिक्री में ऐसी कोई अनियमिततायें नहीं आई हैं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।